Calgary

# Vehicle for Hire

**बुलेटिन #004**
**जलवायु रणनीति और टैक्सी स्टैंड्स-समिति की बैठक**

**मार्च 2023**

---

उद्योग के प्रिय सहयोगियों,

10 मई, 2022 को कांउसिल एडमिनिस्ट्रेशन को इस संबंध में योजना को सूचित करने के लिए कहा था कि व्हीकल-फॉर-हॉयर पब्लिक सेफ्टी कैसे सिटी ऑफ कैल्गरी के 2050 तक नेट ज़ीरो के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सपोर्ट करेगा। योजना में निम्नलिखित पहलुओं को शामिल किया जाना था:

1. उन वाहनों की दैनिक संख्या को कम करने का आकलन जो किराए के लिए 'ऑन दि मूव" सर्किट पर निर्भर करते हैं।
2. ट्रांसपोर्टेशन नेटवर्क कंपनीज़ लाइसेंस की संख्या बनाम टैक्सी लाइसेंस को समझना ताकि प्रतिस्पर्धात्मक संतुलन और लिवरी मार्केट में समान परिवेश को सुनिश्चित किया जा सके।
3. इस संबंध में एक योजना कि क्या और अधिक शहर-व्यापी टैक्सी स्टैंडों को शामिल किया जाए।

16 मार्च, 2023 को एडमिनिस्ट्रेशन अपने निष्कर्षों के बारे में कम्युनिटी डेवलपमेंट कमिटी को सूचित करेगा। आम लोग समिति (कमिटी) की बैठक में व्यक्तिगत रूप से भाग ले सकते हैं या Calgary.ca. पर लाइव देख सकते हैं। हालांकि, आम लोग प्रस्तुतीकरण नहीं दे सकते हैं या वे कमिटी के साथ किसी आइटम पर चर्चा नहीं कर सकते हैं। बैठक के कार्यवृत्त यानी मिनट बैठक के लगभग एक सप्ताह के बाद उपलब्ध होंगे।

यदि आपके कोई प्रश्न या चिंताएं हैं, तो कृपया LTSengagement@calgary.ca पर ईमेल करें।

इस सूचना का अनुवाद एम्हैरिक, अरबी, फ्रेंच, हिंदी, पंजाबी, सोमाली और उर्दू में किया गया है। दस्तावेजों को देखने के लिए यहां पर क्लिक करें।

भवदीय,

कार्यवाहक डिप्टी चीफ, व्हीकल फॉर हॉयर सेफ्टी
सार्वजनिक वाहन मानक
आपातकालीन प्रबंधन और सामुदायिक सुरक्षा